तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 कलेक्टर की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत, सड़क सुरक्षा ...





13 नकली देशी प्लेन मदिरा बनाने वाले अंतरराज्यीय...




## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला समेसर में संविधान दिवस मनाया गया



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला समेसर, विकासखंड नवागढ़ में संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिका ममता तिवारी द्वारा संविधान की प्रस्तावना के वाचन से हुई। बच्चों ने बड़े ध्यानपूर्वक भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को दर्शाने वाली प्रस्तावना को सुना और समझा। नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसे बनाने में 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन लगे। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के मूल स्वरूप में 395 अनुच्छेद थे और इसकी प्रस्तावना को संविधान की आत्मा माना जाता है, जिसकी शुरुआत 'हम भारत के लोग' से होती है। उन्होंने मूल संविधान की प्रति में दर्शाए गए प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और वैदिक आश्रम व्यवस्था के चित्रों का महत्व बताते हुए कहा कि यह प्राचीन भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है। संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भाषण, चित्रकला, गीत और कविता की प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला समेसर की प्रधान पाठिका अलकनंदा मेश्राम, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू, रामकुमार घृतलहरे, मंजू कुर्रे, दिलीप जांगड़े, गोपेश्वरी साहू, सरपंच हरिशंकर लहरे तथा डाइट की छात्रा अध्यापिका गीता साहू सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर सामूहिक प्रस्तावना वाचन किया




**बेमेतरा।** संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ (विकासखंड साजा) में हमारा संविधान हमारा कार्यक्रम के तहत भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विद्यालय में आयोजित इस विशेष सत्र के दौरान भारत की प्रस्तावना को देश की आत्मा बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि भारत का संविधान राष्ट्र को संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक शेष पेज 13 पर

# जिले में बढ़ेगी ठंड, उत्तरी हवाओं से दो दिनों में 3 डिग्री तक गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

अंचल में ठंड का कहर बढ़ने वाला है। पिछले एक सप्ताह से तापमान में लगातार इजाफा होने के बाद अब तापमान लुढ़कना शुरू होगा। उत्तरी ठंडी हवाओं के चलते अंचल में अगले दो दिनों के भीतर ही तीन डिग्री तक तापमान नीचे आ सकता है। रात के साथ ही दिन का तापमान भी नीचे आएगा। गुरुवार को अंचल का अधिकतम तापमान 27 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पर रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अंचल सहित प्रदेशभर में आज से ठंड बढ़ने की संभावना है। विभाग के अनुसार दो दिनों के भीतर ही 2 से 3 डिग्री तक पारा गिर सकता है। वहीं प्रदेश के उत्तरी इलाकों में शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया गया है। हालांकि जिले में अभी शीतलहर की संभावना नहीं बताई गई है। लगातार मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच स्वास्थ्य महकमा भी अलर्ट हो गया है। एडवाइजरी जारी करते स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है, इसलिए शीतलहर के दौरान अनावश्यक बाहर न निकलें, बेहद जरूरी हो तभी यात्रा करें और पूरी तरह गर्म कपड़ों का उपयोग करें। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मौसम में मलेरिया फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है।

### बच्चे और बुजुर्ग सेहत का रखें ध्यान



#### गले में खराश, सर्दी बुखार की शिकायतें

मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर मिल रहा है। हालत यह है कि बच्चों एवं बुजुर्गों को वायरल अपनी चपेट में तेजी से ले रहा है। गले में खराश, सर्दी-बुखार लोगों की सेहत पर देखने को की शिकायतें बढ़ गई है। डॉक्टरों का कहना है। है कि अपने खानपान में सुधार के साथ ही विशेषज्ञों की सलाह पर दवा लें। जिससे वायरल से राहत मिल पाए।

**धान खरीदी :** जारी हुआ आदेश, हजारों किसानों को मिलेगी बड़ी राहत, समितियों में भी हो सकेगा सुधार कार्य

# एकीकृत पोर्टल में अब 30 तक संशोधन की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की तैयारी के बीच सरकार ने किसानों को पंजीयन की तिथि बढ़ाकर बड़ी राहत दी थी, जिसकी अवधि एक बार फिर बढ़ा दी गई है। इतना ही नहीं, जहां अब तक सुधार कराने किसानों को तहसील तक दौड़ लगानी पड़ रही थी। इसमें बदलाव करते हुए अब उनके काम सहकारी समितियों में भी हो जाएंगे।

ऐसे किसान जिनके एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन कैरी फारवर्ड और फसल रकबे में संशोधन जैसे काम अब 30 नवंबर तक समितियों में भी हो सकेंगे। इस निर्णय का सीधा लाभ उन किसानों को मिलेगा, जिनका पंजीयन किसी कारणवश अधूरा रह गया था। जिनके दस्तावेजों में सुधार की आवश्यकता है, वो आज लोकसेवा केंद्र और संबंधित केंद्रों में जाकर पंजीयन करा सकते हैं, जिन किसानों का पंजीयन किसी कारणवश नहीं हो हो पाया है, उनके लिए शासन ने सुविधा प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी आरंभ होने के बाद एकीकृत किसान पोर्टल को 31 अक्टूबर को बंद कर दिया गया था, लेकिन पंजीयन में कुछ किसान छूट गए थे, इसको दिखते हुए यह व्यवस्था 19 से 25 नवंबर तक प्रभावी कर दिया गया है। जिसकी अवधि को अब 30 नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। किसानों को पंजीयन की तिथि बढ़ने से बड़ी राहत और इसका फायदा भी मिला है। विशेष रूप से डुबान क्षेत्र के किसान, वनपट्टाधारी कृषक और शेष पंजीयन से वंचित कृषक लाभान्वित होंगे।

**तहसील में लग रही थी भीड़:** ज्ञात हो कि 19 नवंबर से ही एकीकृत पोर्टल के तहत संशोधन का काम किया जा रहा है, लेकिन अब तक किसानों को अपने काम के लिए तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। रोजाना तहसील में सैकड़ों किसानों की कतारें भी लग रही थी, लेकिन अब नए आदेश के बाद किसान अपनी करीबी सहकारी समिति में जाकर संशोधन का काम करा पाएगा। जिससे तहसील में लगने वाली भीड़ भी कम हो जाएगी।



### लगातार पहुंच रहे थे किसान

एकीकृत पोर्टल में किसानों के रकबे की गलत एंट्री, पंजीयन कैरी फारवर्ड नहीं होने जैसी समस्या लेकर किसान लगातार प्रशासन के पास पहुंच रहे थे। वहीं कुछ किसान समय पर पंजीयन नहीं करा पाए थे, इनमें कई ऐसे भी है, जिनकी जमीन डूबान क्षेत्र में आती है या जिनके पट्टे हाल ही में स्वीकृत हुए हैं। ऐसे किसानों की पात्रता स्पष्ट करने और उन्हें धान बेचने का अवसर देने के लिए पंजीयन अवधि बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई और इनके द्वारा पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग भी की जा रही थी। अब अवधि बढ़ाए जाने से ऐसे किसानों को राहत मिलेगी।

# लैंगिक हिंसा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय दिवस (25 नवम्बर) से मानव अधिकार दिवस (10 दिसम्बर) तक विश्वभर में आयोजित किए जा रहे 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के अंतर्गत आज बेमेतरा जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्ठी में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को लिंग आधारित हिंसा के विभिन्न स्वरूपों, उसके प्रभाव और रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि लिंग आधारित हिंसा वह हिंसा है, जो किसी व्यक्ति पर उसके लिंग, लिंग पहचान या सामाजिक भूमिका के आधार पर की जाती है। यह समस्या केवल महिलाओं ही नहीं, बल्कि पुरुषों, बच्चों और पूरे समुदाय को प्रभावित शेष पेज 13 पर

# यूपीएससी के मंच पर छत्तीसगढ़ की धमक : बेमेतरा का गौरव बढ़ा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नई दिल्ली के भारत मंडपम में बुधवार को आयोजित संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के शताब्दी सम्मेलन में बेमेतरा जिले की माटी का गौरव राष्ट्रीय पटल पर चमक उठा। यह सम्मेलन यूपीएससी की देश निर्माण की 100 वर्ष की शानदार यात्रा का उत्सव था, जिसमें बेमेतरा से जुड़ी दो प्रमुख प्रशासनिक हस्तियों की उपस्थिति ने छत्तीसगढ़ के इस छोटे से जिले को एक बड़ा मंच दिया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की स्थायी अध्यक्ष रीता शांडिल्य ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। श्रीमती शांडिल्य, जो एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं, बेमेतरा जिले की पूर्व कलेक्टर भी रह चुकी हैं। उनके कार्यकाल की छाप जिले में आज भी महसूस की जाती है। आयोग अध्यक्ष के रूप में उनकी भागीदारी, उन पीएससी अध्यक्षों और सदस्यों की श्रेणी में शामिल थी, जिस पर यूपीएससी ने विशेष रूप से जोर दिया था कि वे भारत की विविधता और समावेशिता का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### बेमेतरा के चर्चित डॉ. प्रवीण वर्मा की उपस्थिति

श्रीमती शांडिल्य के साथ, बेमेतरा की माटी के लाल और सीजीपीएससी के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा भी इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शामिल हुए। डॉ. वर्मा की उपस्थिति ने यह दर्शाया कि प्रशासनिक सुधारों और भर्ती प्रक्रिया के राष्ट्रीय संवाद में छत्तीसगढ़ और बेमेतरा का योगदान कितना अहम है।

### लोकसभा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यूपीएससी को भारत के लोकतांत्रिक और प्रशासनिक ढांचे में सबसे महत्वपूर्ण संस्थानों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि यूपीएससी ने निष्पक्षता और ईमानदारी में वैश्विक मानक स्थापित किए हैं। शेष पेज 13 पर


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वांशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


**172 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया**

# जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने प्रणीश चौबे उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए विवेक, सलमा शरीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



बेमेतरा जिला अधिवक्ता संघ का छठवीं बार प्रणीश चौबे अध्यक्ष बने। जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा के द्विवार्षिक चुनाव 2026-27 के लिए मतदान हुआ, जिसमें कुल 172 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिसमें प्रणीश चौबे को 105 मत प्राप्त किए जिसके उपरांत उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया उनके प्रतिद्वंदी प्रभात शर्मा को 65 मत प्राप्त वही निरस्त मत 2 रहा निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होते ही श्री चौबे का अधिवक्ता साथियों ने फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी गई। गौरतलब है कि प्रणीश चौबे लगातार 6वीं बार अध्यक्ष के तौर पर निर्वाचित हुए है। महिला उपाध्यक्ष पद हेतु सलमा शरीफ को निर्वाचित घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद हेतु विवेक पोल अधिवक्ता को कुल 98 मत प्राप्त हुआ एवं उनके प्रतिद्वंदी प्रदीप शर्मा को 74 मत प्राप्त हुआ, विवेक पोल को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। सचिव पद पर दीपक तिवारी को 70 मत प्राप्त हुआ, अनिमेष मिश्रा को 22 मत प्राप्त हुआ, डिकेन्द्र देवांगन को 80 मत प्राप्त हुआ, डिकेन्द्र देवांगन को सचिव घोषित किया गया। क्रीड़ा सचिव पद हेतु केशव नामदेव को कुल 98 मत प्राप्त हुआ, इसके विपरीत रजनी पाण्डेय को 73 मत प्राप्त हुए, नामदेव को क्रीड़ा सचिव घोषित किया गया। सहसचिव पद हेतु योगेश सिंह राजपूत को निर्विरोध निर्वाचित किया गया । कार्यकारिणी सदस्य हेतु संजय भारती, सुरेन्द्र सिंह गुम्बर, राजेश कुमार मिरी, महेन्द्र प्रताप सिंह, फहीम शरीफ, विवेक तिवारी एवं सांस्कृतिक सचिव घनश्याम वर्मा, ग्रंथालय सचिव सुकांति दास, कोषाध्यक्ष हेतु आदित्य सिंह राजपूत को निर्वाचित घोषित किया गया। जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा में चुनावी प्रक्रिया 30 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ था। जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा के निर्वाचन के लिए आर.डी. पटेल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### मक्के स्कूल में खेल स्पर्धा कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया, बच्चों ने खेल प्रतियोगिता कबड्डी में प्रथम, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, चित्रकला में प्रथम, रंगोली में प्रथम, कबाड़ से जुगाड़ में प्रथम, विज्ञान मॉडल में प्रथम, खो-खो में द्वितीय और जलेबी दौड़, बोरा दौड़ में प्रथम व गोली चम्मच में प्रथम स्थान करते हुए विद्यार्थियों ने शानदार खेल प्रदर्शन किया। जिस पर प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, संकुल प्रभारी महेश खुराना, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, श्रीमती दुखिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, सरपंच कार्तिक साहू, उपसरपंच नन्दराम साहू, सदस्य राजकुमारी, मधु, तुलेश्वरी, इंद्राणी, सुकृति, रेवती, अमरीका, राजवंती, ज्योति, सुमित्रा, भोलाराम साहू, रसोईया भागीरथी, कमला साहू, रजन साहू, मोहित साहू व सफाई कर्मी मनहर साहू तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### महाविद्यालय में संविधान दिवस पर एकता व अखंडता की दिलाई शपथ



**हरिभूमि पिपरिया।** महंत श्रीराम जानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम प्रभारी बृजभूषण वर्मा के मार्गदर्शन में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर आयोजित की गई। प्राचार्य ने कहा कि संविधान पूरे राष्ट्र को एकता और अखंडता के सूत्र में पिरोता है, जिस प्रकार एक परिवार को चलाने के लिए नियम कानून आवश्यक है, उसी प्रकार राष्ट्र को दिशा निर्देशित करने के लिए संविधान अति आवश्यक है। संविधान दिवस कार्यक्रम में तात्कालिक प्रश्न और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें हिमांशु, पवन, ओमकार, संजना, लोमश, विक्की, सोनम, भारती, चितेश्वरी, लीला एवं उनके ग्रुप प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में सत्येंद्र चंद्रवंशी, डॉ दिनेश टंडन, डॉ ममता दुबे, सुश्री लीना झारिया, सुश्री श्रद्धा चंद्रवंशी, अभिजीत केशरवानी, सीआर साहू, शिवशंकर लहरें, सुश्री सुमन चंद्रवंशी एवं समस्त छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण किया।

### ग्रापं कोदवाकला में मितानिन सम्मान व संविधान दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत कोदवाकला में मितानिन सम्मान व संविधान दिवस मनाया गया। जिस पर मितानिन दीदीयों का सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तरा बनर्जी डीआरपी, मीना राजपूत ट्रेनर एवं मितानिन द्वय पार्वती साहू, गौरी सिंगरौल को साड़ी व श्रीफल से ग्राम पंचायत कोदवाकला सरपंच श्रीमती दशमत धुर्वे, संतोष ध्रुर्वे, प्रमुख अतिथि सुश्री चित्रा यादव, अश्वनी यदु द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें सभी स्व सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिवों सहित ग्राम की महिलाएं सहित अधिक संख्या में मितानिन दिवस एवं संविधान दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को व्यापक रूप से पंचायत में स्तर में चलाएंगे और आने वाले समय में गांव को स्वच्छ बनाएंगे का संकल्प लिए। अश्वनी यदु ने कहा की मितानिन दीदी हमारे स्वास्थ व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग है छत्तीसगढ़ सरकार के जनहितैषी योजना में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती हैं, छत्तीसगढ़ सरकार की रीढ़ की हड्डी की भूमिका निभा रही हैं। उन्होने सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन एक पेड़ मां के नाम को दोहराया एवं सबको पेड़ लगाने सलाह दिया। वहीं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी चित्रा यादव ने महिलाओं को उनके महत्वपूर्ण कार्य के लिए उनको बधाई देते हुए ऐसे कार्य को लगातार करते रहने हेतु प्रेरित किया। वहीं स्वस्थ रहने हेतु स्वच्छता को अपनी जिंदगी में अपनाने के लिए कहा। साथ ही ग्राम पंचायत सरपंच संतोष ध्रुर्वे ने सभी मितानिन दीदियों को साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर उनके महत्वपूर्ण कार्य को सम्मानित किया एवं अपने उद्बोधन में गांव को साफ सफाई रखने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने हेतु सबको प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में शेखर सिंगरौल, टिकाराम सिंगरौल, रतन साहू, सालिक साहू, सहित गणमान्य नागरिक तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### ब्लॉक स्तर बाल कौशल प्रतियोगता में अंग्रेजी कनवर सेशन में महली स्कूल कें बच्चे प्रथम




**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखंड में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा का आयोजन जंगलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें चारों जोन कें विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेल का आयोजन किया गया, जिसमें अंग्रेजी कनवर सेशन प्रतियोगता में पंडरिया जोन से शिक्षिका यक्ष चंद्राकर कें नेतृत्व में शासकीय माध्यमिक शाला महली कें छात्र नीतीश चंद्राकर व ज्ञानेश्वर भास्कर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर प्रधान पाठक व शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सभी छात्र छात्राओं द्वारा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### उपार्जन केंद्रों में किसानों की सहायता के लिए बनाए गए हेल्प डेस्क

# धान खरीद, पंजीयन व रकबा संशोधन की तिथि बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

खरीफ वर्ष-2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि में बढ़ोत्तरी करते हुए 30 नवंबर तक निर्धारित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक डूबानध्वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही के लिए 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। यहीं नहीं अब समिति मॉड्यूल में किसानों की पंजीयन व रकबा संशोधन करवाने की सुविधा दी गई है। समिति लॉगिन व तहसील लॉगिन में अलग-अलग कार्यो का विकल्प दिया गया है, जिससे किसानों को पंजीयन और रकबा सुधार में आसानी हो। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने किसानों की सुविधा के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित हो।

#### समिति व तहसील कार्यालय दोनों मॉड्यूल में पृथक कार्यो के प्रावधान




नवीन व्यवस्था के अनुसार समिति लॉगिन में किसानों के पंजीयन संबंधित कृषक एवं संस्थागत कैरी फॉरवर्ड, कृषक नवीन पंजीयन, नॉमिनी संशोधन रकबा फसल संशोधन के कार्य होंगे। जिसमें तहसील कार्यालय में किसानों के पंजीयन संबंधित संस्थागत नवीन पंजीयन, रेगहा, अधिया पंजीयन, संयुक्त पंजीयन, डुबान पंजीयन, कृषक एवं संस्थागत निरस्तीकरण जैसे कार्य होंगे। उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए पंजीयन संबंधी कार्यों में सुविधा के लिए कृषक हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। जिसमे समिति के ऑपरेटर, ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी एवं समीपस्थ च्वाइस सेंटर के प्रतिनिधि किसानों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## ग्रापं मैनपुरी बना अव्यवस्था का गढ़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय से महज 6-7 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मैनपुरी में विकास कार्य के अभाव में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत मैनपुरी में विकास की ओर अग्रसर होने के बजाय दिन-प्रतिदिन ग्राम की स्थिति बद-से-बदतर होते जा रहा है। जिसमें ग्राम के मुख्य चौक-चौराहों की स्थिति ही खस्ताहाल होने के कारण व प्रमुख चौक-चौराहों में जंगली घासों और जलभराव की स्थिति निर्मित होने सड़क कीचड़ से लथपथ होने से आवाजाही बाधित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के जनप्रतिनिधि अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहें हैं। ग्राम पंचायत की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प पड़ गया है। जबकि पंचायत के सही रख-रखाव के लिए ही पंच-सरपंचों का चयन किया जाता है। इससे ग्रामीणों में खासा नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि समय रहते जनप्रतिनिधि अपने जिम्मेदारियों के प्रति सजग नहीं हुए तो वे उनके खिलाफ जिला मुख्यालय की ओर रुख करेंगे।

## आरपीएस स्कूल में हुई कैरियर काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में कैरियर काउंसलिंग पर क्या मेरा बच्चा एआई पर अपना कैरियर बना सकता है, किस फिल्ड में जाने के लिए कितना बजट व उसमें रोजगार या आत्मनिर्भरता के कितने प्रतिशत अवसर हैं, जैसे बहुधा प्रश्नों को जो पालकों एवं विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क में बहुत बार आते रहते है, इन्हीं सब बातों का सार एवं बदलाव नए रास्ते, नए आयाम को बताने का सिलसिला श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विवेकानंद सभागार में आयोजित एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग में दिखा। जिसमें मुख्य रूप विशेष वक्ता के रूप में विशाल पाण्डेय रहे, इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं व पालकगण उपस्थित थें।

## झारखंड में चितेरे फाउंडेशन के विस्तार की पहल, डायरेक्टर बलबीर विश्वकर्मा का तीन दिवसीय दौरा




**हरिभूमि कोलेगांव।** चितेरे फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं राष्ट्रीय पेंटिंग अवॉर्ड विजेता बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने झारखंड में फाउंडेशन के विस्तार को लेकर तीन दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चक्रधरपुर की कला-संस्कृति, विशेषकर 250 वर्ष पुराने केरा मंदिर का अवलोकन किया और स्थानीय कलाकारों से मुलाकात कर भारतीय लोक कला को बढ़ावा देने पर चर्चा की। 23 नवंबर को ब्लॉसम द लिटिल आर्टिस्ट आर्ट क्राफ्ट अकादमी द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में वे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ की पहली महिला पर्वतारोही एवं राष्ट्रीय साहस पुरस्कार प्राप्त नैन सिंह धाकड़ रहीं। मंच पर मिस्टर छत्तीसगढ़ अंकित विश्वास और दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की सचिव भारती मीणा भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में चक्रधरपुर के 80 बच्चों को विभिन्न कला श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सम्मान एमडी अदनान आजमी को मिला, वहीं बेस्ट स्कूल ट्रॉफी सेंट जेवियर इंग्लिश स्कूल को प्रदान की गई। भारतीय कला संस्कृति सम्मान अवार्ड से सोनल भौमिक और संगीता सम्मानित हुए। बलबीर विश्वकर्मा ने कहा कि भारत की पारंपरिक कलाओं को वैश्विक पहचान मिल रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को सोहराई पेंटिंग भेंट करते हैं, यह इस कला की महिमा का बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कलाकारों से एकजुट होकर बड़े मंच तैयार करने और भारतीय कला को देश-विदेश में पहुंचाने का संकल्प दोहराया। अंत में उन्होंने चितेरे फाउंडेशन झारखंड टीम से संगठन के विस्तार और कला संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने कि अपील की।

## संविधान दिवस पर स्वामी करपात्री स्कूल में विविध कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में संविधान दिवस पर चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डीएस जोशी के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू के नेतृत्व में हुआ। संविधान दिवस हर वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है इसी की याद में भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों तथा संविधान की देश के अखंडता और विविधता बनाए रखने में भूमिका पर विचार रखें। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से संविधान से जुड़ी सामान्य जानकारी प्राप्त की। भाषण प्रतियोगिता में सुषमा टंडन प्रथम, पलक जांगड़े द्वितीय रही, चित्रकला में ललिता नेताम प्रथम, मरियम द्वितीय और तुषार व बमलेश्वरी संयुक्त रूप से तृतीय रहे तथा प्रश्नोत्तरी में मायारानी प्रथम, पलक जांगड़े द्वितीय और खुशबू यादव तृतीय रही। वहीं विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

### अशोका पब्लिक स्कूल के स्काउट-गाइड की सराहनीय पहल

## गाड़ाघाट में जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल के स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने सुंदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम गाड़ाघाट में गर्म वस्त्र वितरित कर मानवता एवं सेवा का परिचय दिया। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन, श्रीमती सारिका देवांगन के दिशा-निर्देशानुसार विद्यालय के प्राचार्य एवं स्काउट-गाइड प्रभारी लोकनाथ देवांगन ने स्काउट-गाइड कैडेट्स के साथ कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने मानवता, सेवा-भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सुंदूर गाड़ाघाट वनांचल क्षेत्र के जरूरतमंद 120 आदिवासी परिवारों तक पहुंचकर गर्म वस्त्र वितरण अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस सेवा-कार्य में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, संवेदनशीलता और अनुशासन प्रदर्शित किया। टीम ने वनक्षेत्र के अनेक ग्रामीण परिवारों, बुजुर्गो, महिलाओं तथा बच्चों को स्वेटर, जैकेट, कम्बल, मफलर, बिस्किट पैकेट, चॉकलेट एवं गर्म वस्त्र वितरित किए। कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों में जीवन-यापन कर रहे इन परिवारों के चेहरों पर मुस्कान फैलाना विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरक अनुभव रहा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड शिक्षा बच्चों में सेवा, साहस, नेतृत्व, करुणा और सामाजिक सद्भाव जैसे गुणों का विकास करती है। ऐसे अभियान न केवल समाज को सहारा देते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी करते हैं। इस अवसर पर स्काउट मास्टर-गाइड कैप्टन लोकनाथ देवांगन ने बतलाया कि प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी यह कार्य सभी के सहयोग से सफल रहा। समाजसेवा ही सच्ची देश सेवा हैं, यही भावना के साथ हम सभी गोपाल कृष्ण, मिताली चंद्रवंशी, अलका यादव शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। उक्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी अशोक कुमार इतवारी द्वारा दी गई ।



## बिजली पोल को सड़क पर घसीटने से पीएम सड़क को भारी नुकसान

- वनांचल क्षेत्र में ठेकेदारों की घोर-लापरवाही उजागर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

जिले के कुकदूर वनांचल क्षेत्र में ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां बिजली विभाग के ठेकेदारों द्वारा ट्रैक्टर में सीमेंट पोल बांधकर उसे खुलेआम सड़क पर घसीटा जा रहा है। यह घटना कुकदूर से पड़रीपानी मार्ग पर देखने को मिली, जहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क पर पोल घसीटने से गहरे निशान पड़ गए हैं। लगातार घर्षण से सड़क की परत उखड़ रही है, जिससे लाखों रुपए की लागत से बनी सड़क को नुकसान पहुंच रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र में विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदारों की ओर से नियमों को दरकिनार करते हुए सामग्री का परिवहन उतनी लापरवाही पूर्वक किया जा रहा है जिससे भार वाहन एवं सामग्री ढुलाई को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश होने के बाद भी ट्रैक्टर में पोल को बांधकर सड़क पर घसीटना गंभीर लापरवाही और नियम उल्लंघन है। जिस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए डिप्टी सीएम एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा द्वारा कार्यस्थल पर गुणवत्ता और नियम पालन के कड़े-निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदारों पर किसी भी प्रकार का प्रभाव नहीं दिख रहा है। मौके पर हुए नुकसान की तस्वीरों और वीडियो के सामने आने के बाद विभागीय जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं?

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क को हुए नुकसान का तत्काल आंकलन कर दोषी ठेकेदारों पर कार्यवाही की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए निगरानी बढ़ाई जाए। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय यह है कि जब जनप्रतिनिधियों के निर्देशों की ऐसी अनदेखी की जा रही है, तो फील्ड में काम कर रहे अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय कराना कितना जरूरी है।

## अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धक शैक्षिक भ्रमण मत्स्य विज्ञान के वास्तविक स्वरूप से रूबरू हुए



**हरिभूमि कवर्धा।** अभ्युदय स्कूल कवर्धा में कक्षा 11वीं एवं 12वीं विज्ञान वर्ग के कुल 35 विद्यार्थियों को 26 नवम्बर को एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के तहत मत्स्य महाविद्यालय कवर्धा ले जाया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मत्स्य विज्ञान, मछली प्रजनन प्रक्रिया, जल गुणवत्ता प्रबंधन तथा आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों की वास्तविक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने फिश ब्रिडिंग यूनिट, हैचरी, इनक्यूबेशन सेक्शन, रिसर्च लैब्स, विश्लेषण कक्ष, उपकरण कक्ष एवं प्रशिक्षण केंद्र जैसे महत्त्वपूर्ण अनुभागों का विस्तृत अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मछलियों की विभिन्न प्रजातियों की प्रजनन तकनीक, हॉर्मोनल इंड्यूस्ड स्पॉनिंग, फीड फॉर्मुलेशन, वॉटर क्वालिटी पैरामीटर्स तथा आधुनिक एक्वाकल्चर पद्धतियों को न केवल समझाया बल्कि लाइव डेमो के माध्यम से व्यावहारिक रूप से भी दिखाया। यह सम्पूर्ण भ्रमण मत्स्य महाविद्यालय के एक्वाकल्चर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दुष्यंत दामले के विशेष सहयोग से संभव हो पाया। उन्होने अपने मार्मिक उद्बोधन में उन्होंने अपनी शिक्षा, संघर्षो, समर्पण और शोध-यात्रा के अनुभव भी विद्यार्थियों के साथ साझा किए। उनके द्वारा बताई गई प्रेरक जीवन-यात्रा ने विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक सोच को और भी मजबूत किया तथा यह संदेश दिया कि कठिनाइयां चाहे जितनी भी हों, ज्ञान, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता का वास्तविक मार्ग हैं। इस भ्रमण का सफल संचालन जीव विज्ञान शिक्षिका श्रीमती शालिनी अग्रवाल के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने इस शैक्षिक यात्रा को अत्यंत सार्थक बताते हुए कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो पुस्तकों की दीवारों से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी किसी वैज्ञानिक प्रक्रिया को अपनी आंखों के सामने घटित होते देखते हैं, तो उनके भीतर जिज्ञासा और ज्ञान का भाव कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकें रास्ता दिखाती हैं, पर ऐसे भ्रमण मंजिल का एहसास कराते हैं। साथ ही विद्यालय की अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने इस भ्रमण को विज्ञान की वास्तविक परख के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि यह यात्रा उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही, जिससे न केवल विषयगत समझ मजबूत हुई बल्कि करियर संभावनाओं को लेकर उनका दृष्टिकोण भी व्यापक हुआ।

## भाजपा नेता ने धान खरीदी का लिया जायजा



**खुज्जी।** स्थानीय धान खरीदी केंद्र का जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने निरीक्षण किया तथा किसानों से मुलाकात कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं को सुना। उन्होंने केंद्रों में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। श्री गांधी ने धान बेचने आए किसानों से खरीदी प्रक्रिया की जानकारी ली तथा उनके अनुभवों के बारे में पूछा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धान खरीदी में पारदर्शिता एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नमी मापक यंत्र, तौल मशीन और पंजीयन रजिस्टर का सही उपयोग और रखरखाव के निर्देश दिए।

### गुड़ फैक्ट्री की आड़ में बनाई जा रही थी नकली देशी शराब, चार आरोपी गिरफ्तार

# नकली देशी प्लेन मदिरा बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्रामीण अंचलों में स्थानीय एवं बाहरी लोगों द्वारा सैकड़ों की संख्या में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में वर्षो से गुड़ के नाम पर बीयर कम्पनियों को बेंचने के लिए सीरा तो खुलेआम बनाया ही जा रहा है और अब इन निजी गुड़ फैक्ट्रियों में से एक में तो नकली देशी प्लेन मदिरा शराब बनाने का भी मामला सामने आ गया है।

इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में देशी शराब की खाली बोतलें तथा नकली शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (1) ख, 34 (2), 35, 49क, 59 क आबकारी अधिनियम तथा धारा 318(4), 336(2), 336(3), 340(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को इस बात की भनक लगी थी कि कुछ लोग गुड़ फैक्ट्री की आड़ में नकली देशी शराब बनाने का अवैध कारोबार कर रहे हैं।

इस जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर दबिस देकर फर्जी तरीके से अवैध शराब बनाने तथा शराब की बोतलों में शासन द्वारा निर्धारित स्टीकर एवं रैपर कर उसे खपाने वाले गिरोह के आरोपी नंद कुमार कुर्रे पिता फागू राम, उम्र 34 वर्ष, निवासी, पोड़ी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, इस्लाम उर्फ सुहू पिता अरमान खान, उम्र 45 वर्ष पोड़ी, चौकी पोड़ीथाना बोड़ला जिला कबीरधाम, शेख साजिद पिता शेख सिकंदर, उम्र 28 वर्ष, पोड़ी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम तथा छोटू उर्फ दिनेश चंद्रवंशी पिता मालिकराम, उम्र 26 वर्ष, कुसुमघटा चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि नकली शराब बनाने में दो और स्थानीय साथी शामिल हैं, जिनमें से एक मादक पदार्थ गांजा प्रकरण में कल ही जेल भेजा जा चुका है, जबकि दूसरा अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि नकली पैकिंग सामग्री, होलोग्राम, लेबल पर्ची, केमिकल एवं ढक्कन झारखंड राज्य से इनके साथियों द्वारा उपलब्ध कराए जाते थे। इस बात से स्पष्ट है कि गिरोह का नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर संचालित था और अन्य राज्यों के अपराधियों की भी संलिप्तता की जांच की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (1) ख, 34 (2), 35, 49क, 59क आबकारी अधिनियम तथा धारा 318(4), 336(2), 336(3), 340(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है। ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और उनके अंतरराज्यीय नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर उन्हें समाप्त किया जाएगा।

#### घर में चल रही थी अवैध व नकली शराब फैक्ट्री



कार्यवाही के दौरान पुलिस ने आरोपी नंद कुमार कुर्रे के मकान पर छापा मारा। यहां नकली शराब का पूरा प्लांट संचालित पाया गया। गिरोह के सदस्य लंबे समय से दूसरे राज्य से पैकिंग सामग्री, ढक्कन, होलोग्राम, केमिकल और स्पिरिट मंगवाकर नकली देशी प्लेन शराब तैयार कर बेच रहे थे। इस अवैध तथा नकली शराब तैयार करने वाली फैक्ट्री से पुलिस ने 49 पाव नकली देशी प्लेन मदिरा, कुल मात्रा 8820 एमएल, नकली स्टिकर 6 बंडल, नकली होलोग्राम 8 पेज, खाली पाव बोतलें 7 बोरियां, नकली प्रिंटेड ढक्कन, 25 लीटर के 42 जरीकेन, पानी के 19 जार, 3 बॉटलिंग मशीन सहित अन्य अन्य अवैध पैकिंग सामग्री बरामद की है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दसरू को प्रदान की मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल



- संतु बैगा को मिला वैशाखी का सहारा, जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाने और उन्हें दैनिक जीवन में सहजता प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधायक कार्यालय में दो हितग्राहियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया। जिसमें उन्होंने ग्राम पंचायत लब्दा के ग्राम जोकपानी निवासी दसरू सिंह मरकाम को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान किया। मोटरचालित इस ट्रायसाइकिल से अब दसरू आवागमन एवं अन्य दैनिक कार्य आसानी से कर पाएंगे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके जीवन में नई आशा और आत्मनिर्भरता का संबल बनेगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम झुरगी दादर के निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा से आने वाले संतु बैगा को एक जोड़ी बैसाखी प्रदान की गई। बैसाखी मिलने से संतु बैगा ने खुशी जताते हुए कहा कि अब वे दैनिक गतिविधियों में आसानी से बिना किसी के सहारे के स्वतंत्र रूप से कर सकेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी दिव्यांगजन सुविधा के अभाव में पीछे न रहे। सहायक उपकरण वितरण जैसी पहलें न केवल राहत देती हैं बल्कि लाभार्थियों में आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। उन्होंने प्रशासनिक टीम को निर्देशित किया कि ऐसे पात्र लोगों को चिन्हित कर निरंतर सहयोग उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

#### धान पंजीयन एवं रकबा संशोधन अब 30 तक

**कवर्धा।** खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि में बढ़ोत्तरी करते हुए 30 नवंबर तक निर्धारित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही के लिए 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। यहीं नहीं अब समिति मॉड्यूल में किसानों की पंजीयन व रकबा संशोधन करवाने की सुविधा दी गई है। समिति लॉगिन व तहसील लॉगिन में अलग-अलग कार्यो का विकल्प दिया गया है, जिससे किसानों को पंजीयन और रकबा सुधार में आसानी हो।

#### 3 दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प 3 दिसम्बर से प्रारंभ

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर में 03, 04 एवं 05 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी को आवश्यक प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है।

## उपमुख्यमंत्री ने किया विजय शर्मा कवर्धा प्रीमियर लीग पोस्टर का विमोचन

### कवर्धा विधानसभा के 07 मंडलों की टीमें लेंगी हिस्सा




- प्रथम ईनाम 1 लाख 11 हजार रूपए, दूसरा ईनाम 51 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक नई पहल करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज विधायक कार्यालय कवर्धा में विजय शर्मा कवर्धा प्रीमियर लीग के पोस्टर का बटन दबाकर विधिवत विमोचन किया।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं बल्ले से प्रतीकात्मक शॉट भी लगाया। यह प्रतियोगिता विधानसभा स्तर पर आयोजित होने जा रही है जिसका आगाज आगामी 13 दिसंबर से होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें कवर्धा विधानसभा के 07 मंडलों की टीमें हिस्सा लेंगी। ग्रामीण मंडल को ग्राम पंचायत वार और कवर्धा शहर को वार्डों से वार्डवार टीमों का गठन किया गया है। प्रतियोगिता टेनिस बॉल क्रिकेट मैच के रूप में खेली जाएगी।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कवर्धा विधानसभा के सभी 07 मंडलों की टीमों के लिए तैयार विशेष मैच जर्सी को भी विधिवत लॉन्च किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में पहली बार ऐसी प्रतियोगिता होने जा रही है, जिसमें केवल युवा ही नहीं बल्कि बुजुर्ग खिलाड़ी भी अपने-अपने वार्ड से हिस्सा ले सकेंगे।

इससे समाज में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनेगा और नई पीढ़ी को फिटनेस एवं अनुशासन का संदेश मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं सामाजिक समरसता को भी मजबूत करती हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चद्रवंशी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, खिलेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि, युवा, खिलाड़ी उपस्थित थे। प्रतियोगिता को और अधिक रोचक बनाने के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है। विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम ईनाम 1 लाख 11 हजार रूपए, दूसरा ईनाम 51 हजार और तीसरा ईनाम 31 हजार रूपए है। पोस्टर विमोचन के बाद क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों ने इस आयोजन के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का अवसर पहली बार मिला है, जिससे क्षेत्र की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

## नगर पंचायत में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक प्रशासन की लापरवाही पर लोगों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन कुत्तों द्वारा राहगीरों पर झपट्टा मारने और बच्चों पर हमला करने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में दहशत का माहौल बना हुआ है। मोहल्लों और मुख्य बाजार क्षेत्रों में कुत्तों के झुंड खुले आम घूमते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम ढलते ही हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं, क्योंकि कुत्तों की संख्या सड़क पर अचानक बढ़ जाती है और कई बार वे दोपहिया वाहन चालकों को भी पीछा कर काटने का प्रयास करते हैं। लोगों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत प्रशासन और संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति में किसी तरह का सुधार नहीं दिख रहा है।



सबसे हैरानी की बात यह है कि आवारा पशुओं पर नियंत्रण के संबंध में न्यायालय द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाने के बावजूद उन पर अमल नहीं किया जा रहा है। इससे नागरिकों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के परिजन तो खास तौर पर परेशान हैं। कई परिवारों ने बताया कि उनके बच्चे सुबह-सुबह कुत्तों के झुंड से डरकर घर से बाहर निकलने से कतराते हैं। कुछ क्षेत्रों में कुत्तों के हमले से घायल लोगों का इलाज भी अस्पतालों में कराया गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही, न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए कुत्तों के टीकाकरण, नसबंदी और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिक बिना डर-भय के अपने दैनिक कार्य कर सकें। प्रशासनिक उदासीनता के चलते जनता में बढ़ता भय अब चिंता का गंभीर विषय बन चुका है।

## आपकी पूंजी, आपका अधिकार शिविर का आयोजन 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य में वित्तीय सेवा विभाग, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत आप की पूंजी, आपका अधिकार जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन 28 नवंबर को पीजी कॉलेज कैंपस डोम में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

इस शिविर का आयोजन सभी बैंक, बीमा, पेंशन, प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और अवैतनिक निधि का योगदान रहेगा। इन शिविरों में नागरिकों को अनक्लेम्ड जमा, बीमा दावे, डिविडेंड, शेयर एवं म्यूचुअल फंड और पेंशन राशि प्राप्त करने हेतु डिजिटल हेल्पडेस्क और सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे। आवश्यकतानुसार लाभार्थी दावेदार के केवाईसी अपडेट, दावा प्रपत्र भरने और दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में शामिल होकर इस जनकल्याणकारी पहल का लाभ उठाएं।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, छत्तीसगढ़ ने इस पहल के माध्यम से नागरिकों को उनके जमा पूंजी और निवेश के अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सुविधाजनक तरीके से लाभ दिलाने का संकल्प लिया है।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



स लोहारा। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में गत बुधवार को जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. केएस परिहार की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनजाति विरासत को संरक्षित करने और अतीत में आदिवासी समाज के योगदान को सम्मान देने के महत्व पर प्रकाश डालना है। इसी उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम जैसे नृत्य, भाषण, गायन, आदिवासी वेशभूषा, चित्रकला, रंगोली का आयोजन किया गया तथा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विदेशी राम धुर्वे, विशिष्ट अतिथि के रूप में फागुराम मरकाम, सुखदेव ठाकुर, मनीराम छेदावी, मुख्य वक्ता के रूप में राधे श्याम चंद्रवंशी, कार्यक्रम जिला संयोजक रघुवीर मेरावी, जन भागीदारी सदस्य परेटन वर्मा, हेमंत ठाकुर, संदीप नाथ योगी, सुधांशु मिश्रा, पूर्व सरपंच मनोज वैष्णव, सुदर्शन, लक्ष्मण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री काजल साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से संदीप कुमार सोनकर , जनजाति संयोजक विवेक चौहान, उप संयोजक जेएल मरकाम, सुश्री अंजू महोबिया, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, श्रीमती आभा जोशी, दीपक पटेल, गौरव जायसवाल, डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी, डॉ. रुपेश कुमार वर्मा, विवेक चौहान, गिरधारी वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, कामिनी चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला में आयोजित किया गया कार्यक्रम

## जीएसव्हीसी बोड़ला में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सचिव रेडक्रॉस डॉ. डीके तुर्रे के मार्गदर्शन में 27 अक्टूबर को शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश पाठक के निर्देशन में रेडक्रॉस प्रभारी प्राध्यापक सनत कुमार देवांगन के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक डॉ. हर्षित तिवारी नोडल अधिकारी एनसीडी जिला चिकित्सालय कबीरधाम रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की सही तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने घावों की प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, हड्डी टूटने की स्थिति में प्राथमिक सहायता तथा आकस्मिक परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने के महत्वपूर्ण तरीके बताए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक के रूप में जीवन कौशिक जोनल अधिकारी 108 आपातकाल कबीरधाम एवं बलराम साहू जिला समन्वयक रेड क्रॉस राज्य प्रतिनिधि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विद्यार्थियों को व्यावहारिक अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्राथमिक सहायता के महत्व को समझा। प्रतिभागियों ने इस तरह के प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। इस कार्यक्रम पर महाविद्यालय के प्राध्यापक राकेश गौतम, योगेश ध्रुव, शंकर साहू, बलदाऊ यादव, वसुमित्र शुक्ल उपस्थित थें।



### तरेगांव जंगल में स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन

**बोड़ला।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम ने तरेगांव जंगल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में स्वच्छ भारत जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छ आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को स्वच्छता पर आधारित शिक्षाप्रद वीडियो प्रदर्शन से हुई, जिसे प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। बच्चों ने रुचि के साथ वीडियो देखा और स्वच्छता के महत्त्व को समझा। इसके बाद टीम द्वारा खेल, कविता, बैनर निर्माण तथा चित्रकला जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

पेज 11 के शेष

#### लैंगिक हिंसा उन्मूलन ...

करती है। सत्र में यह संदेश दिया गया कि लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज, परिवार और युवाओं की सामूहिक भागीदारी से ही सुरक्षित और समानता-आधारित समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह निषेध, शी-बॉक्स पोर्टल, टोल-फ्री हेल्पलाइन 1098 एवं 181, छत्तीसगढ़ महिला कोष तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर माननीय अनिता कोसीमा राउटे (सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण), छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की ट्रेनर वेणु सारवा, महिला सशक्तिकरण केंद्र हब की जेंडर विशेषज्ञ सेवन्तिका एवं तमन्ना तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की पैरालिगल कर्मी रामेश्वरी साहू उपस्थित रहीं।

#### यूपीएससी के मंच ...

केन्द्रीय मंत्री ने नवाचार को सराहा
केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने यूपीएससी को भारत की प्रशासनिक प्रणाली की रीढ़ बताते हुए, इस बात पर जोर दिया कि, यूपीएससी और राज्य पीएससी को मिलकर काम करना है। यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने स्पष्ट किया कि यह सम्मेलन यूपीएससी और राज्य लोक सेवा आयोगों के बीच मजबूत संस्थागत रिश्ते को और मजबूती प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया है। बेमेतरा से जुड़ी इन दो शख्सियतों का सम्मेलन में शामिल होना, इस संस्थागत सहयोग की एक जीवंत तस्वीर पेश करता है।
बेमेतरा के निवासियों और प्रशासनिक गलियारों में इस बात को लेकर खासा उत्साह है कि जिले के पूर्व कलेक्टर और डॉ. वर्मा ने देश के प्रशासनिक इतिहास के इस गौरवशाली अध्याय में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### संविधान दिवस पर सामूहिक ...

गणराज्य घोषित करता है, तथा नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार प्रदान करता है। विद्यार्थियों को प्रस्तावना के अर्थ, उद्देश्य और इसके व्यवहारिक महत्व से अवगत कराया गया। स्थानीय विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम साबित हुआ।

#### जिला अधिवक्ता संघ का ...

बनाया गया था एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मंगल देवदास एवं राहुल साहू को बनाए गए थे।

## खबर संक्षेप



### प्रभारी प्राचार्य देवांगन हुए पदोन्नत

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के प्रभारी प्राचार्य आरके देवांगन का प्राचार्य के पद पर पदोन्नति हुई है। यह उपलब्धि उन्हें व्याख्याता बनने के 27 साल बाद प्राप्त हुई है। श्री देवांगन की पदोन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सी पी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू आदि ने बधाई दी है।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई

**जेवरतला रोड।** सेवानिवृत होने पर संकुल स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानपाठक जगदेव राम सिंह, शिक्षक तुलसीराम देवांगन को ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य यू उके, सरपंच महेश्वरी चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, दुर्गेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी लक्ष्मण कुमार साहू ने दी।

### बीरेन्द्र बने समाज के प्रदेश महामंत्री

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने छत्तीसगढ़ इकाई में परिवर्तन करते हुए डोंगरगढ़ के समाजसेवी वीरेंद्र अग्रवाल को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल की अनुशंसा से अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने की है। नवनियुक्त महामंत्री वीरेंद्र अग्रवाल लंबे समय से समाज एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। श्री अग्रवाल ने नियुक्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह संगठन को मजबूत करने, युवा शक्ति को जोड़ने तथा समाजहित में नई पहलों को आगे बढ़ाने के लिए निष्ठा से कार्य करेंगे। अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी है।

### बाल मेला का रंगारंग आयोजन

**डोंगरगांव।** शासकीय हाईस्कूल एवं माध्यमिक शाला जारवाही के तत्वावधान में गत दिनों बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि श्रीमती यदु ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार विभिन्न व्यंजनों को क्रय कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को नई दिशा मिलती है। अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव ने की। सरपंच सुनीता पटेल ने स्वागत भाषण दिया।

---

बैठक : नशा, सड़क सुरक्षा और पशु क्रूरता निवारण पर जोर दिया

# कलेक्टर की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत, सड़क सुरक्षा और नवीन कानूनों पर समन्वय बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले में सुरक्षा और स्वच्छ यातायात के लिए बनाई जाएगी संयुक्त

कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान, पशु क्रूरता निवारण और नवीन कानूनों के पालन को लेकर महत्वपूर्ण समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने की। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर सहित पुलिस, आबकारी, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, परिवहन और नगर पालिका विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




एसएसपी साहू ने जिले में नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताई और बताया कि लगातार कार्रवाई से नशा तस्करी के कई मामलों का खुलासा हुआ है। स्कूलों-कॉलेजों में नियमित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने तथा समाज कल्याण विभाग को समुदाय स्तर पर विशेष अभियान तैयार करने के निर्देश दिए गए।

**नवीन कानूनों का कड़ाई से पालन—सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर कार्रवाई:** आबकारी विभाग को सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन रोकने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगर पालिका और राजस्व विभाग को शहर में अवैध ठेले-गुमटियों को व्यवस्थित करने तथा नियम उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रह सके। सड़क सुरक्षा पर फोकस—ब्लैक स्पॉट पर सुधार, सिग्नल सिस्टम मजबूत होगा परिवहन अधिकारी अरविंद भगत ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग और बेरला क्षेत्र में अधिक दुर्घटनाएँ दर्ज की गई हैं। ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड और रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। कलेक्ट्रेट के सामने स्पीड लिमिट बोर्ड, डिवाइडर और मस्ट लाइट लगाने का प्रस्ताव एनएच विभाग को भेजा गया है। शहर के प्रमुख चौकों पर सिग्नल लाइट लगाने का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। एसएसपी ने बाईपास से भारी वाहनों को अनिवार्य रूप से डायवर्ट करने और सिग्नल चौक पर वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पशु क्रूरता निवारण-अवैध परिवहन व बिक्री पर रखी जाएगी विशेष नजर

बैठक में पशुओं के अवैध परिवहन और बिक्री के मामलों पर कड़े कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। एसएसपी साहू ने कहा कि समय पर सूचना मिलने पर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पशु संरक्षण कानूनों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। **संयुक्त कार्ययोजना—सभी विभागों को दी नियमित मॉनिटरिंग की हिदायत:** बैठक के अंत में सभी विभागों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, पशु क्रूरता निवारण और नवीन कानूनों के पालन के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने व उसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। समन्वय और जनहित की प्रतिबद्धता के साथ बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

---

# एसआईआर को लेकर नपाध्यक्ष सिन्हा ने बीएलओ और जनप्रतिनिधियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नगर पालिका परिषद बेमेतरा में गुरुवार को विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में सभी बीएलओ एवं जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद गौरव साहू, नीतू कोठारी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, अमरिका निर्मलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में नपाध्यक्ष सिन्हा ने सभासदों व बीएलओ को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र भरना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि नगर के सभी वार्डों में एसआईआर फॉर्म को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जहां जनप्रतिनिधि और बीएलओ मिलकर नागरिकों को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सिन्हा ने बताया कि जागरूकता अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, नगर के निवासी स्वयं कार्यालय पहुंचकर फॉर्म भर रहे हैं। वहीं बीएलओ घर-घर जाकर भी गणना प्रपत्र भरने का कार्य कर रहे हैं, ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

### एसआईआर की जानकारी हर वार्ड तक पहुंचे: नपाध्यक्ष

इस अवसर पर नपाध्यक्ष विजयर सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एसआईआर से जुड़ी विस्तृत जानकारी शहर के प्रत्येक वार्ड के हर व्यक्ति तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने मतदाता शुद्धिकरण अभियान को गति देने पर जोर देते हुए कहा कि सभी योग्य मतदाताओं के नाम समय पर मतदाता सूची में जोड़े जाना आवश्यक है। सिन्हा ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन, बीएलओ और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा, जिससे मतदाता सूची अधिक सटीक, पारदर्शी और अद्यतन हो सके।

---

# जोन स्तरीय विज्ञान मेले में छात्रों ने लाइव विज्ञान की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नई शिक्षा नीति के तहत कौशल एवं व्यवहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बारगांव जोन (विकासखंड बेरला) में जोन स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान के प्रयोग करके देखबो, नवा सोच-नवा विचार करके सीखबो की थीम पर आयोजित इस मेला में बच्चों ने पारंपरिक मॉडल प्रदर्शनी के बजाय लाइव विज्ञान प्रयोग प्रस्तुत कर नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।

मेला में कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं के विद्यार्थियों ने चुंबक के गुण, विद्युत चालकता, प्रकाश का परावर्तन-अपवर्तन, दर्पण व लेंस में बनने वाले प्रतिबिंब, सूक्ष्मदर्शी का उपयोग, विद्युत परिपथ, धातुओं के गुण, जल चक्र, पौधों द्वारा ऑक्सीजन निर्माण जैसे प्रयोगों को



लाइव डेमो के साथ समझाया। तीन कक्षाओं के बच्चों को एक टीम में शामिल करने से जूनियर विद्यार्थियों को सीखने के बेहतर अवसर मिले और बच्चे मंच पर बिना झिझक अपने प्रयोग समझाते दिखे। संकुल केंद्र आनंदगांव, भरदा, बारगांव, पांहदा और अछोली के स्कूलों ने इसमें सहभागिता की। कार्यक्रम में जोन प्रभारी सुरेंद्र कुमार पटेल, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की दीप्ति, विज्ञान शिक्षक एवं सभी संकुल समन्वयकों का विशेष सहयोग रहा। 10 से 1 बजे तक चले विज्ञान मेला के बाद बच्चों ने व्यावहारिक शिक्षा के तहत विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए, जहा बच्चे उत्साह के साथ बिक्री एवं प्रबंधन सीखते नजर आए। कार्यक्रम में बीईओ जयप्रकाश करमाकर, बीआरसी कमलेश निषाद, एपीएफ के राघवेंद्र एवं अनेक शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे। बीआरसी कमलेश निषाद ने कहा कि बारगांव जोन में आयोजित यह विज्ञान प्रयोग बाल मेला अनुकरणीय है। विज्ञान रटने का नहीं, प्रयोग कर सीखने का विषय है और आज इसका सफल उदाहरण सामने आया है। उन्होंने सभी संकुलों से इसी तरह के आयोजन कर बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की अपील की।

---

# ग्राम पंचायत कुरलू में आवास संध्या चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तकनीकी और निर्माण संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरलू में गुरुवार शाम आवास संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सीईओ जनपद पंचायत साजा, विकासखंड समन्वयक, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने हितग्राहियों को योजना की शर्तों, जियो-टैगिंग, किस्त जारी होने की प्रक्रिया, तकनीकी मानकों और समयसीमा से जुड़ी सभी जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की।

**निर्माण में तेजी लाने पर जोर:** अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 में स्वीकृत नई आवास



सूची ग्राम पंचायत को प्राप्त हो चुकी है। जिन हितग्राहियों को पहली किस्त 40,000 रुपये मिल चुकी है, उन्हें तत्काल निर्माण शुरू कर प्लिंथ लेवल तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### लापरवाही पर कड़ी चेतावनी

चौपाल में स्पष्ट किया गया कि किस्त आहरण के बाद भी कार्य शुरू न करने वाले हितग्राहियों पर छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम के तहत वसूली कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी सहायता का उद्देश्य पक्का मकान उपलब्ध कराना है, इसलिए राशि रोककर रखने जैसी प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण

जियो-टैगिंग, नरेगा मजदूरी भुगतान में विलंब, निर्माण सामग्री उपलब्धता एवं भवन संहिता से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागीय टीमों को निर्देशित किया कि कोई भी हितग्राही तकनीकी बाधा से प्रभावित न हो।

### पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका

सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और पंचों ने गांव की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपूर्ण आवासों की संख्या, निर्माण की वर्तमान स्थिति और मुख्य समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा गया।

### ग्रामीणों का संकल्प- समय पर पूरा होगा हर आवास

चौपाल के अंत में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने निर्धारित समय-सीमा में आवास निर्माण पूरा करने का संकल्प लिया। पंचायत और जनपद प्रशासन ने मजदूरी, सामग्री और तकनीकी मार्गदर्शन सहित हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को गांव में हर बेघर को पक्का घर लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए हुआ।

---

# समता प्रबोधन सम्मेलन में बेमेतरा के तीन विभूतियों को मिला सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़/बेमेतरा

रायपुर के वृंदावन हाल में आयोजित प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन में बेमेतरा जिले के तीन व्यक्तित्वों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। थानू राम यादव को समता साहित्य ज्ञानश्री अवार्ड, व्याख्याता परस राम बंजारे को डॉ. भीमराव अम्बेडकर समता अवार्ड तथा शिक्षक-साहित्यकार टेकराम मिरी को संत गुरु घासीदास समता अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संविधान दिवस एवं राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें कई साहित्यकार, कलाकार और समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जीआर बंजारे ज्वाला ने किया।

---

# देवरबीजा धान खरीदी केंद्र का अपर कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**बेमेतरा।** जिले के देवरबीजा धान खरीदी केंद्र में आज अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने औचक निरीक्षण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर भी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने खरीदी केंद्र में किसानों के लिए की गई तैयारियों, तौल प्रक्रिया, टोकन वितरण, सुरक्षा प्रबंधन और उपार्जन व्यवस्था की गहन समीक्षा की। अपर कलेक्टर ने केंद्र प्रभारी से दैनिक खरीदी प्रगति, धान परिवहन, गुणवत्ता जांच और रिकॉर्ड संधारण की अद्यतन स्थिति पूछी।

उन्होंने निर्देशित किया कि तौल मशीनें पूरी तरह कार्यरत हों, गुणवत्ता परीक्षण निष्पक्षता से किया जाए तथा टोकन वितरण सुचारू व पारदर्शी रहे। उन्होंने कहा कि किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, यह खरीदी केंद्रों की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में पानी, छाया, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की सुविधा प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की



लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर उनका अनुभव जाना। किसानों ने बताया कि इस वर्ष प्रशासन की तैयारियाँ प्रभावी रही हैं, जिससे उन्हें त्वरित तौल, व्यवस्थित टोकन और बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। इस पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और किसान हितैषी होनी चाहिए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने केंद्र प्रबंधन को नियमित मॉनिटरिंग, सटीक रिकॉर्ड अपडेट, सीसीटीवी की सतत निगरानी और परिवहन व्यवस्था को मजबूत रखने के निर्देश दिए, ताकि पूरे खरीदी सीजन में संचालन निर्बाध रूप से जारी रहे।

---

# डॉ. वसुबंधु और उषा किरण पदोन्नत



**बेमेतरा।** जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान डायट बेमेतरा में कार्यरत व्याख्याता डॉ. वसुबंधु दीवान और वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडे को प्राचार्य के रूप में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के बाद दोनों ने इसी संस्थान में सहायक प्राध्यापक पद का कार्यभार संभाल लिया है। डाइट बेमेतरा में सहायक प्राध्यापक के पांच रिक्त पदों पर अब नियुक्ति पूर्ण हो गई है। शासन के आदेशानुसार जिस विद्यालय में प्राचार्य का पद रिक्त हो, वहां कार्यरत व्याख्याता या प्रधान पाठक को वहीं पदोन्नत किए जाने का प्रावधान है। इसी निर्देश के तहत दोनों अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। इनके अतिरिक्त तीन अन्य प्रधान पाठकों को भी प्राचार्य बनाया गया है, जो अब सहायक प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. वसुबंधु दीवान वर्ष 2013 से डाइट में व्याख्याता के रूप में कार्यरत हैं, वहीं वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडे पिछले 25 वर्षों से संस्था को अपनी सेवाएं दे रही हैं। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने दोनों पदोन्नत प्राचार्यों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि डॉ. वसुबंधु दीवान बहुमुखी प्रतिभा के धनी, इतिहासकार, शिक्षाविद एवं शानदार व्यक्तित्व वाले अधिकारी हैं। उनका संस्थान में सहायक प्राध्यापक के रूप में आना पूरे डाइट परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने डॉ. दीवान को अपना बड़ा भाई बताते हुए कहा कि दोनों पदोन्नत अधिकारी विभिन्न प्रभागों की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं।डाइट परिवार के सभी सदस्यों ने दोनों पदोन्नत सहायक प्राध्यापकों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।

---

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग
- नॉर्मल डिलीवरी
- सिजेरियन
- हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### जंघेल ने जमा किया गणना पत्रक

**सड़क अतरिया।** खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र घिरघोली में गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत पूर्व विधायक कोमल जंघेल मतदान केंद्र पहुंचकर अवलोकन किया।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल

शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

# भिंभौरी में हनुमान चालीसा पाठ का 100वां सप्ताह श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- दो वर्ष से निरंतर चल रही भक्ति-परंपरा में उमड़ा आस्था का सागर

नगर पंचायत भिंभौरी में शुभाशीष समिति एवं श्री विधि हरि हर मानस मंडली के संयुक्त तत्वावधान में संचालित श्री हनुमान चालीसा पाठ का 100वां सप्ताह मंगलवार मंगलवार को धूमधाम व श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। लगभग दो वर्ष पूर्व आरंभ हुई इस भक्ति परंपरा में लगातार सौ सप्ताह तक बिना अवरोध हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रसाद स्वरूप हलवे का वितरण किया गया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि नगर की शांति, सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए यह आयोजन निरंतर जारी रहेगा। भीषण गर्मी, कड़ाके की ठंड या बारिश-किसी भी मौसम में प्रत्येक मंगलवार नगर के हृदय स्थल स्थित दिव्य श्री हनुमान मंदिर में सामूहिक रूप से बाजे–गाजे के साथ चालीसा पाठ और प्रसाद वितरण किया जाता है। प्रत्येक सप्ताह प्रसाद सेवा की जिम्मेदारी निभाने वालों में रमा मेडिकल स्टोर के संचालक योगेश वर्मा, अमर



साहू, माखन साहू, देवेंद्र परगनिहा, टीकम सिंह वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। नियमित रूप से श्री हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने वालों में श्री हरिश्चंद्र वर्मा, एम.डी. साहू, एम.डी. धीवर, देवसिंह साहू, दिलीप टिकरिहा, मोतीलाल साहू, रामगोपाल धीवर, खिवराज धीवर, सुरेंद्र देवदास, सतीश देवदास, हीरालाल साहू, कमलेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, कृष्णा धीवर, धनेन्द्र साहू, ललित सिन्हा, सोमेश पाटिल, विक्की साहू, रवि वर्मा, रामबिलास राकेश, ट्विंकल साहू, जान्हवी साहू, मुस्कान साहू, अरमान धीवर, धरम धीवर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि- स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:–7354 411411